# कक्षा – 3

# विषय – हिन्दी व्याकरण

# पाठ – 1 भाषा, बोली, लिपि

1. दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

(देवनागरी, मौखिक भाषा, हिंदी, बाईस, लिखित भाषा, भाषा)

क. हम अपने विचारों का आदान–प्रदान भाषा के माध्यम से करते हैं।

ख. भाषा के दो रूप हैं – लिखित और मौखिक।

ग. हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है।

घ. हिंदी भाषा की लिपि देवनागरी है।

ङ हमारे देश में 22 भाषाओं को मान्यता मिली हुई है।

2. क. भाषा की परिभाषा लिखिए।

उत्तर भाषा वह माध्यम है जिसके द्वारा अपनी बात दूसरों के सामने प्रकट की जाती है।

ख. लिपि किसे कहते हैं?

उत्तर वर्णों या अक्षरों को लिखने का ढंग लिपि कहलाता है।

ग. बोली किसे कहते हैं?

उत्तर भाषा का क्षेत्रीय रूप बोली कहलाता है।

3. सही विकल्प के सही (✓) का चिन्ह लगाइए –

क. एक लड़की गाना गा रही है, वह भाषा के कौन–से रूप का प्रयोग कर रही है?

| | | |
|---|---|---|
| लिखित | मौखिक ✓ | सांकेतिक |

ख. पंजाबी भाषा की लिपि का नाम क्या है?

| | | |
|---|---|---|
| देवनागरी | गुरूमुखी ✓ | रोमन |

ग. वर्णों को लिखने का ढंग क्या कहलाता है?

| | | |
|---|---|---|
| बोली | लिपि ✓ | भाषा |

4. सही कथन के आगे सही और गलत के आगे गलत लिखिए –

| | | |
|---|---|---|
| क. | भाषा के चार रूप होते हैं। | गलत |
| ख. | कहानी लिखना भाषा का लिखित रूप है। | सही |
| ग. | हमारी राष्ट्रीय भाषा अंग्रेजी है। | गलत |
| घ. | भाषण देना भाषा का मौखिक रूप है। | सही |
| ङ | अंग्रेजी भाषा का लिपि रोमन है। | सही |
| च. | भाषा का क्षेत्रीय रूप बोली कहलाता है। | सही |